वर्ष- 3 , अंक- 100
छपरा
9 मार्च सोमवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## शंकराचार्य पर एफआईआर कराने वाले आशुतोष महाराज पर हमला

### ट्रेन में चाकू मारे, नाक काटने की कोशिश; बोले- जितना खून बहा, उसका बदला लेंगे

**प्रयागराज,एजेंसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर बटुकों से यौन उत्पीड़न की FIR कराने वाले आशुतोष महाराज पर रविवार को चलती ट्रेन में जानलेवा हमला हुआ। आशुतोष महाराज ने बताया- रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से गाजियाबाद से प्रयागराज जा रहा था। फर्स्ट्ट ष्ट कोच में बैठा था। रास्ते में सिराथू रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 5 बजे टॉयलेट के उठे। बाहर गेट पर एक आदमी खड़ा था। आगे बढ़ा तो उसे पीछे से हमला कर दिया। धारदार हथियार से उनकी नाक काटने की कोशिश की। चेहरे और हाथ पर कई वार किए। गंभीर चोटें आईं। काफी खून बहा। आशुतोष ब्रह्मचारी के मुताबिक, वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे और ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद कर लिया। वहीं से जीआरपी को फोन कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने हमले के पीछे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद समेत अन्य को जिम्मेदार ठहराया है। फिलहाल जीआरपी ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, मामले में शंकराचार्य का कहना है कि सब दिखावा है। आशुतोष माहौल बनाने और सुरक्षा पाने के लिए ऐसा कह रहे हैं। हमारे ऊपर आरोप लगाने का मकसद सिर्फ मीडिया का अटेंशन पाना है। यह यात्रा से ध्यान भटकाने की कोशिश है।

## 'पलानीस्वामी का भी बिहार के मुख्यमंत्री जैसा हाल होगा', तमिलनाडु के सीएम स्टालिन का बड़ा दावा

**चेन्नई,एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी, अन्नाद्रमुक के प्रमुख ई.के. पलानीस्वामी का भी वही हश्र करेगी, जो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हुआ है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने यह बयान एक ऐसे कार्यक्रम में दिया, जिसका आयोजन पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम के समर्थकों को द्रमुक (डीएमके) में शामिल कराने के लिए किया गया था। अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता पन्नीरसेल्वम हाल ही में सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके में शामिल हुए थे।

**पलानीस्वामी पर विश्वासघात का आरोप** :स्टालिन ने कहा कि ओ. पन्नीरसेल्वम निष्ठा के पर्याय हैं, जबकि अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानीस्वामी विश्वासघात के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पलानीस्वामी स्वयं को बचाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एम.जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता द्वारा बनाई गई पार्टी अन्नाद्रमुक को भाजपा के हाथों गिरवी रखकर पलानीस्वामी ने विश्वासघात किया है।

## प्रदेश की बेटियों को अब किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की नारी शक्ति को पत्र लिख कर उनके योगदान का महत्व बताया है। उन्होंने कहा कि सशक्त समाज निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, गरिमा, आत्मनिर्भरता के प्रति दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले महिलाओं के साथ अपराध आम बात थी। आज प्रदेश में बेटियां सुरक्षित हैं। स्पष्ट नीति और साफ नीयत से यह संभव हुआ है।

योगी ने नारी शक्ति को सम्बोधित पत्र में लिखा कि मिशन शक्ति, एंटी रोमियो अभियानों ने अपराधियों के मन में डर पैदा किया। जहां बेटियां सुरक्षित और सम्मानित होती हैं, वहां समाज सतत प्रगति करता है। आज छात्राओं के ड्रॉपआउट रेट, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व आई गिरावट आई है। शिक्षा से रोजगार तक बेटियों को समान अवसर मिल रहा है। यूपी की नारी शक्ति आज स्वावलंबन का नया अध्याय रच रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसी सखी, लक्ष्मी दीदी, ड्रोन दीदी, स्वास्थ्य सखी, सूर्य सखी परिवार के साथ प्रदेश को सशक्त कर रही हैं।नारी का सम्मान समस्त समाज के लिए सर्वोपरि हो। मां एवं मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है।

मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में लिखा है कि प्रदेश की बेटियों को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। सरकार बेटियों के सपनों की उड़ान को पंख दे रही है।

### दिल्ली में 15200 करोड़ के GPRA प्रोजेक्ट का उद्घाटन

# पीएम मोदी ने 2722 नए बने फ्लैट की चाबी महिलाओं को सौंपी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (GPRA) रीडेवलपमेंट प्लान के तहत 2,722 नए बने फ्लैट का उद्घाटन किया। साथ ही महिला लाभार्थियों को चाबी सौंपी। उन्होंने कुछ महिला मजदूरों से भी बातचीत की। इसके अलावा 6,632 अतिरिक्त फ्लैट और 15200 करोड़ के कई दूसरे प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। यह नेशनल कैपिटल में हाउसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने का एक बड़ा हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुल 33,500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर पीएम एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम पिंक लाइन के 12.3 किमी लंबे मजलिस पार्क-मौजपुर-बाबरपुर कॉरिडोर और मैजेंटा लाइन के 9.9 किमी लंबे दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे।




इसी के साथ पीएम एक्सपेंशन प्लान के फेज V-A के तहत तीन नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर का भी शिलान्यास करेंगे, जिनकी कुल लंबाई लगभग 16.1 किमी होगी।

इनमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर, एरोसिटी-इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल-1 कॉरिडोर और तुगलकाबाद-कालिंदी कुंज कॉरिडोर शामिल हैं। भारत सरकार दिल्ली में सात पुरानी सरकारी हाउसिंग कॉलोनियों को एक नए सेल्फ-फाइनेंसिंग मॉडल के ज़रिए रीडेवलप कर रही है, जिसके लिए सरकारी खजाने से किसी फंडिंग की ज़रूरत नहीं है। यह प्रोजेक्ट सरोजिनी नगर, नेताजी नगर, नौरोजी नगर, कस्तूरबा नगर, त्यागराज नगर, श्रीनिवासपुरी और मोहम्मदपुर में फैला है, जो लगभग 537 एकड़ में फैला हुआ है।

इन कॉलोनियों में मौजूदा कई क्वार्टर पुराने और असुरक्षित हो गए थे। लगभग 40% रहने लायक नहीं थे। रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट का मकसद केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 20,000 से ज्यादा घरों की कमी को दूर करना है।

**फेज V-A के तहत 3 कॉरिडोर का शिलान्यास, लंबाई 16.1 किमी** : पीएम मोदी एक्सपेंशन प्लान के फेज V-A के तहत तीन नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर का भी शिलान्यास करेंगे, जिनकी कुल लंबाई लगभग 16.1 km होगी।

इनमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर, एरोसिटी-इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल-1 कॉरिडोर और तुगलकाबाद-कालिंदी कुंज कॉरिडोर शामिल हैं। इससे सेंट्रल दिल्ली, साउथ दिल्ली, नोएडा और एयरपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है।

## देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं होगी

### भारत के पास 4,000 करोड़ लीटर तेल, सरकार बोली ये 8 हफ्तों के लिए काफी




**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के दौरान भारत को कच्चे तेल की कमी नहीं होगी। भारत के पास अभी कच्चे तेल और रिफाइंड पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का 25 करोड़ बैरल (लगभग 4,000 करोड़ लीटर) से ज्यादा का स्टॉक है।

सरकार की रिपोर्ट के अनुसार यह बैकअप इतना है कि अगर सप्लाई पूरी तरह रुक भी जाए, तो भी देश की पूरी सप्लाई चेन 7 से 8 हफ्तों तक आसानी से चल सकती है। यानी आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कमी की कोई टेंशन नहीं है। यह रिपोर्ट उन दावों को खारिज करती है जिनमें कहा गया था कि भारत के पास केवल 25 दिनों का रिजर्व बचा है। सरकार ने साफ किया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा अब किसी एक रूट या देश पर निर्भर नहीं है।

**10 साल में 27 से बढ़कर 40 देशों तक पहुंच बढ़ी** :रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की एनर्जी खरीद पूरी तरह से 'राष्ट्रहित' पर आधारित है। पिछले 10 सालों में भारत ने अपने तेल सोर्सिंग के दायरे को काफी बढ़ाया है। एक दशक पहले भारत केवल 27 देशों से तेल खरीदता था, जो अब बढ़कर 40 हो गए हैं। वैश्विक स्तर पर तनाव के बावजूद भारत ने अपनी जरूरतों के लिए नए रास्ते तलाशे हैं।

### सीएम ममता के धरने का तीसरा दिन

## बोलीं- भातपर एक देश, एक नेता-एक पार्टी का पागलपन सवार ; चुनाव आयोग को वैनिश कंपनी कहा




**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी है। TMC सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि BJP 'इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल' कर रही है। उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है। ममता ने कहा - एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, BJP ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है। बनर्जी ने दावा किया कि BJP का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है।

# इजराइल ने ईरानी तेल ठिकानों पर मिसाइलें गिराईं,3 डिपो और 30 फ्यूल टैंक तबाह



### ईरान ने 5 देशों पर हमले किए, कहा- 6 महीने जंग लड़ेंगे



- इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।
- 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया।
- US-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1483 मौत हुई है।
- जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं।
- ओमान एयर ने 6 दिनों के लिए उड़ानें रद्द कीं

**तेहरान/तेल अवीव,एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का नौवां दिन है। इस बीच इजराइल ने ईरान में तेल भंडार और रिफाइनरी फैसिलिटी से जुड़े ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली मीडिया वाइनेट के मुताबिक, ईरान के 30 फ्यूल टैंकों और 3 तेल डिपो को निशाना बनाया गया है।

वहीं, ईरान ने पलटवार करते हुए 5 देशों पर हमले किए। इनमें इजराइल के अलावा कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) शामिल हैं। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा है कि वे अमेरिका और इजराइल के खिलाफ छह महीने तक जंग लड़ने में सक्षम है। IRGC के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड दोनों ही लंबे समय तक संघर्ष करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सैन्य अड्डों और फैसिलिटी से जुड़े 200 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है। क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद रहने के कारण ओमान एयर ने कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने घोषणा की है कि 9 मार्च से 15 मार्च तक नौ शहरों के लिए आने-जाने वाली उड़ानें रद्द रहेंगी। ओमान एयर के अनुसार जिन शहरों की उड़ानें रद्द की गई हैं उनमें अम्मान, दुबई, बहरीन, दोहा, दमाम, कुवैत, कोपेनहेगन, बगदाद और खासाब शामिल हैं।

एयरलाइन ने कहा कि क्षेत्र में जारी संघर्ष और हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण यह फैसला लिया गया है। यात्रियों से कहा गया है कि वे अपनी यात्रा से पहले उड़ान की स्थिति की जांच कर लें और किसी भी बदलाव की जानकारी के लिए एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट या ग्राहक सेवा से संपर्क करें।

**ईरानी हमले में कुवैत के 22 मंजिला इमारत में आग लगी** :कुवैत के पब्लिक इंस्टीट्यूशन फॉर सोशल सिक्योरिटी की करीब 22 मंजिला इमारत पर आज ईरान ने ड्रोन हमला किया, जिससे इमारत में आग लग गई। हालांकि इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

### नितिन गडकरी बोले

## 'वीर सावरकर एक निष्ठावान देशभक्त जिनकी हिंदुत्व की व्याख्या आज भी प्रासंगिक'

**नागपुर,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विनायक दामोदर सावरकर को एक सच्चे देशभक्त और वैज्ञानिक सोच वाला व्यक्ति बताया है। उन्होंने कहा कि सावरकर ने हिंदुत्व को जिस तरह से समझाया था, वह आज भी बहुत काम आता है और महत्वपूर्ण है।एक कार्यक्रम में, जहां सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज पांडे (रिटायर्ड) का सम्मान किया गया, गडकरी ने कहा कि सावरकर सभी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि सावरकर सिर्फ एक देशभक्त ही नहीं थे, बल्कि एक बेहतरीन कवि, विचारक और इतिहासकार भी थे। सबसे खास बात यह है कि वे समाज को सुधारने वाले एक आदर्श व्यक्ति थे।

**वैज्ञानिक वैचारिक दृष्टिकोण और हिंदुत्व की प्रासंगिकता**:गडकरी ने कहा, 'सावरकर की सोच वैज्ञानिक थी। उन्होंने हिंदुत्व के बारे में जो बातें बताईं, वे आज के समय में बहुत उपयोगी और प्रासंगिक हैं।' उन्होंने बताया कि सावरकर का मानना था कि हिंदू समाज में जो जाति-भेदभाव और छुआछूत है, उसे पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए।

**गुणों पर आधारित श्रेष्ठता का सिद्धांत**:केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सावरकर का दृढ़ विश्वास था कि किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति के कारण श्रेष्ठ नहीं माना जा सकता; व्यक्ति अपने गुणों के कारण श्रेष्ठ बनता है।




**सावरकर को लेकर राजनीतिक टिप्पणी** :केंद्रीय मंत्री ने एक 'बड़े राजनीतिक नेता' का अप्रत्यक्ष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई सावरकर की आलोचना करता है, तो उन्होंने ऐसे नेता से कहा था कि यदि महान स्वतंत्रता सेनानी सावरकर महान नहीं हैं, तो देश में कोई भी महान नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैंने उस नेता से कहा कि आप विचारधारा की आलोचना कर सकते हैं और विचारधारा पर मतभेद हो सकते हैं। लेकिन, देश के लिए सावरकर और उनके परिवार से अधिक किसी ने बलिदान नहीं दिया है।'

**यह बात संभवत**: कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उन बयानों के जवाब में कही गई थी, जिनमें उन्होंने कहा था कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगकर जेल से छूटने की कोशिश की थी।

## कमल हासन ने ट्रम्प से कहा-अपने काम से काम रखो

### ओपन लेटर में लिखा- भारत आजाद देश, अब हम विदेशी सरकारों का हुकुम नहीं मानते

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक ओपन लेटर लिखकर, उन्हें अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने दबे शब्दों में डोनाल्ड ट्रम्प की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रशिया से तेल लेने की छूट दी है। कमल हासन ने आधिकारिक ङ्क अकाउंट (पहले ट्वविटर) से लिखा है, 'सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प। माननीय राष्ट्रपति जी, हम भारत के लोग एक आजाद और अपने फैसले खुद लेने वाले देश के नागरिक हैं। अब हम किसी दूसरे देश से ऑर्डर नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखें। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में



शांति बनाए रखने का सही तरीका है। हम आपके देश और वहां के लोगों के लिए शांति और तरक्की की कामना करते हैं। कमल हासन- एक प्राउड भारतीय नागरिक। संस्थापक- मक्कल नीधि माइअम।' मिडिल-ईस्ट में जंग के कारण स्थिति काफी गंभीर हो गई है। ईरान ने 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को ब्लॉक कर दिया है, जहां से दुनिया की 20% तेल सप्लाई होती है। ऐसे में भारत में भी तेल के दाम बढ़ने का अनुमान था। इसी बीच भारत को 3 अप्रैल तक रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है।

अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है।

## देश में 33,577 बच्चे लापता, बंगाल टॉप नंबर पर

### 7 राज्यों में बच्चों के गुम होने का कोई मामला नहीं, महिला व बाल विकास मंत्रालय की रिपोर्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देशभर में बच्चों के लापता होने के आंकड़े चिंताजनक हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'मिसिंग चिल्ड्रन' की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच देश में कुल 33,577 बच्चे गायब हुए। इनमें से 7,777 बच्चे अब तक नहीं मिले। रिपोर्ट में बताया गया है कि सबसे ज्यादा 19,145 बच्चे पश्चिम बंगाल में लापता हुए।




इनमें से 15,465 बच्चों को ढूंढ लिया गया, जबकि 3,680 बच्चे अब भी नहीं मिले। मध्यप्रदेश में 4,256 बच्चे लापता हुए। इनमें से 1,059 बच्चों का अब तक पता नहीं चल पाया। इन 6 राज्यों में किसी बच्चे के लापता होने की रिपोर्ट नहीं नगालैंड, अरुणाचल, मणिपुर, त्रिपुरा, गुजरात व लक्ष्यद्वीप और दादर नगर हवेली में बच्चों के लापता होने की कोई शिकायत नहीं मिली है।

## मनाया गया रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, माँ शारदा तथा स्वामी अद्भुतानंद का सामूहिक जन्मोत्सव



**दैनिक खोज खबर / छपरा ।** रविवार को स्वामी विवेकानंद संघ, कोहबरवां में रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, माँ सारदा तथा स्वामी अद्धुतानंद के सामूहिक जन्मोत्सव एवं वार्षिक पूजा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी संन्यासी, रामकृष्ण मिशन आश्रम, राजगीर के उपस्थित रहे।विशिष्ट अतिथि के रूप में जे पी यू के राजनीति विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. लालबाबू प्रसाद यादव, रामकृष्ण विवेकानंद सोसाइटी, बेलबाग, बेतिया के मदन बनिक तथा कार्यक्रम के सभाध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण प्रसाद ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**इसके अतिरिक्त रामकृष्ण मिशन छपरा के सचिव**

स्वामी अतिदेवानंद जी महाराज, प्रो. डॉ. बाल्मीकि सहित अनेक प्रतिष्ठित अतिथि एवं बुद्धिजीवी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते हुए रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद और माँ सारदा देवी के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत माँ सारदा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की सफल छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर लगभग 3000 श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के सचिव रोहित कुमार, उपाध्यक्ष अजीत कुमार, उपसंयुक्त सचिव विशाल कुमार तथा संतोष का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही संघ के सदस्यों में सिकन्दर कुमार, राधा कृष्ण सिंह, दिनेश सिंह, अमरजीत कुमार, मधु कुमार, संजय शर्मा, अखलाक अहमद, राजू कुमार, नीरज कुमार, प्रियंका कुमारी, मोनी कुमारी, ज्योति कुमारी, किरण देवी, मनीषा कुमारी, सोनाली कुमारी तथा गाँव के सभी स्वयंसेवकों का सराहनीय सहयोग रहा।

## शीतलपुर बाजार में आग से फल व्यवसायी की दुकान जली, हजारों के फल व नकदी राख

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के शीतलपुर बाजार में बीती रात अचानक आग लगने से एक फल व्यवसायी की दुकान जलकर राख हो गई। आग लगने से फल व्यवसायी आशा देवी का हजारों रुपये का फल नष्ट हो गया, वहीं दुकान में रखा नकद पैसा भी जलकर खत्म हो गया। बताया जाता है कि देर रात अचानक दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा फल और अन्य सामान जलकर नष्ट हो चुका था। घटना में पीड़ित फल व्यवसायी आशा देवी को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि लोगों द्वारा शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

## मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड के ताजपुर में पूर्व मुखिया सुरेन्द्र कुमार सिंह के आवासीय परिसर में रविवार को रोटरी क्लब छपरा के सौजन्य से मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में शामिल छपरा के प्रसिद्ध चिकित्सकों ने सैकड़ों मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की तथा मरीजों के बीच मुफ्त दवा वितरित की गई। इससे पहले मांझी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी राणा प्रताप उर्फ डब्ल्यू सिंह, पूर्व मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सिंह, मुखिया अमित सिंह एवम क्लब के जिलाध्यक्ष डॉ संदीप कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कैम्प का विधिवत उदघाटन किया। कैम्प में डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ विधि सिंह, डॉ अमित रंजन, डॉ उज्ज्वल कुमार वर्मा, डॉ नीरज कुमार, डॉ जयंत कुमार, डॉ रंजीत कुमार सिंह, डॉ पवन कुमार सिंह तथा डॉ संजीव गुप्ता ने सैकड़ों मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की। मौके पर अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## नल-जल योजना की हकीकत मढ़ौरा के विक्रमपुर उत्तर टोला में सूख गए नल

**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा (सारण)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत चलाई जा रही हर घर नल का जल योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया गया था। इस योजना का उद्देश्य था कि गांव के हर घर तक पाइपलाइन के माध्यम से साफ पानी पहुंचे और लोगों को पानी के लिए हैंडपंप या दूर-दराज के स्रोतों पर निर्भर न रहना पड़े।लेकिन जमीनी सच्चाई इस दावे से बिल्कुल अलग दिखाई देती है। मढ़ौरा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले नौतन पंचायत के गांव विक्रमपुर (उत्तरटोला) में इस योजना की स्थिति सरकार के दावों की पोल खोल रही है।विक्रमपुर (उत्तरटोला) में नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई गई और घर-घर नल भी लगाए गए। शुरुआत में करीब 10 दिनों तक पानी की आपूर्ति हुई, जिससे ग्रामीणों को लगा कि अब उनकी वर्षों पुरानी जल समस्या का समाधान हो गया है।लेकिन यह उम्मीद जल्द ही टूट गई। दस दिन बाद पानी की आपूर्ति बंद हो गई और उसके बाद से आज तक गांव के लोगों को नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।आज स्थिति यह है कि जिन नलों से पानी आना था, वे सिर्फ दिखावे की वस्तु बनकर रह गए हैं। ग्रामीणों को फिर से पुराने हैंडपंपों और अन्य अस्थायी साधनों पर निर्भर होना पड़ रहा है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस गंभीर समस्या की ओर न पंचायत प्रतिनिधियों का ध्यान है और न ही प्रशासनिक अधिकारियों की कोई पहल दिखाई दे रही है।कई बार इस मुद्दे को उठाने के बावजूद अब तक न तो कोई जांच हुई और न ही खराब पड़ी व्यवस्था को ठीक करने का कोई ठोस प्रयास किया गया। इससे यह सवाल उठता है कि आखिर जनता की बुनियादी जरूरतों को लेकर जिम्मेदार संस्थाएं इतनी उदासीन क्यों हैं।बिहार में नल-जल योजना को लेकर कई जिलों से अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आती रही हैं। विक्रमपुर (उत्तरटोला) की स्थिति भी इसी ओर इशारा करती है कि कहीं न कहीं योजना के क्रियान्वयन में भारी लापरवाही या भ्रष्टाचार हुआ है।जब करोड़ों रुपये खर्च कर पाइपलाइन और नल लगाए जाते हैं, लेकिन पानी की आपूर्ति कुछ ही दिनों में बंद हो जाती है, तो यह स्वाभाविक सवाल उठता है कि क्या यह योजना वास्तव में जनता के लिए है या सिर्फ कागजों और ठेकेदारी के खेल तक सीमित है विक्रमपुर (उत्तरटोला) के ग्रामीण अब यह जानना चाहते हैं कि नल-जल योजना बंद होने के लिए जिम्मेदार कौन है?योजना पर खर्च किए गए पैसे का हिसाब कौन देगा?और कब तक गांव के लोगों को नियमित पेयजल की सुविधा मिलेगी जरूरत है कि सरकार और प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कराए, दोषियों पर कार्रवाई करे और गांव में पानी की आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल करे।नल-जल योजना सिर्फ एक सरकारी परियोजना नहीं, बल्कि ग्रामीणों की बुनियादी जरूरत और सरकार पर उनके भरोसे का सवाल है। अगर योजनाएं इसी तरह अधूरी

**सभी महिलाएं हों आत्मनिर्भर व स्वावलंबी तभी सफल होंगी होंगी विश्व महिला दिवस- जीविका सीएम विभा**

# विश्व महिला दिवस मनाने का असली मकसद तभी सफल होंगी जब महिलाएं हों सुरक्षित



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** आज जहां पूरा विश्व अशांती के दौर से गुजर रहा है वहां महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए शांति एवं सौहार्द तथा प्रेम की मिशाल बनकर दुनिया पर राज कर रही हैं।? वो सिर्फ पृथ्वी ही नहीं बल्कि दूसरे ग्रहों पर जाकर अपनी क्षमता का परिचय भी दे रही हैं। यह एक पहलू है। इसका एक दूसरा पहलू यह भी है कि महिला सशक्तिकरण के दौर में हर देश अपने यहां की महिलाओं के लिए मजबूती से खड़ा है। पर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर हम विफल नजर आते हैं। आए दिन देश दुनिया? में महिलाओं पर हों रहे हिंसा को लेकर अखबार के पन्ने व टीवी के हेडलाईन के अलवा सोशल मिडिया पर खबर छाए रहते हैं। उक्त बाते विश्व महिला दिवस के मौके पर जीविका समूह के भरपुरा के सीएम बिभा देवी ने उपस्थित समूहों को संवोधित करते हुए रविवार को उक्त बाते कही। उन्होंने यह भी कही कि हम महिलाओ में गर्व है कि ईश्वर ने मुझे स्त्री बनाया। हम विश्व महिला दिवस पर हम सभी महिलाओं को बधाई देते हैं कि आपको ईश्वर ने उस कार्य के लिए चुना जिससे यह सृष्टि चले। मैं अपने आपको उन भाग्याशाली महिला में से एक मानती हूँ जिसको ईश्वर ने सबकुछ दिया। स्वावलंबी बनाया, और मैं एक मां भी हूँ। आज मैं अपने मर्जी से अपने घर परिवार के साथ लेकर चलते हुए अपनी स्वतंत्र जिंदगी जिती हूँ और घर, संगे संबधी,समाज के प्रतिष्ठा बचाते हुए महिलाओं को जीविका समूह में जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करती हूँ. हम सभी महिलाओं का कर्तव्य बनता है कि सभी महिलाएं एक जुटता के साथ रहे. आपसी प्रेम, भाईचारे के साथ एक दूसरे को सहयोग करें और आत्मनिर्भर बने और दूसरों को स्वाबलम्बी बनाने में सहयोग करें. तभी विश्व महिला दिवस मनाने का उद्देश्य सफल होगा। मैं उन सभी बेटियों के प्रति अपनी सम्पूर्ण समर्पण एवं श्रद्धा रखती हूँ जो अपनी पैरों पर खड़ा होने की तमन्ना ही नहीं बल्कि जिद्द भी रखती हैं और अपने मंजिल पर पहुँचती है और अपने और अपने समाज, राष्ट्र को मनोबलो को बढ़ाते है । मैं कहीं भी जाती हूँ तो इस बात का जिक्र जरुर करती हूँ कि आपको अपने स्वावलंबी बनने के लक्ष्य में कोई कमी नजर आए या मैं किसी भी तरह से सहयोग कर सकती हूँ तो जरुर याद करना। आज जब बेटियाँ चुल्हा से निकल कर चाँद तक का सफर कर रही हैं तो देखकर मन गौरवान्वित हो जाता है। क्योंकि जिन स्त्रियों को घर के चारदिवारी में चुल्हे तक सीमित कर दिया था.इस पुरुषवादी समाज ने उन स्त्रियों ने उस रूढ़िवादी परम्परा को तोड़ कर पंचायत, जिला, राज्य व देश चलाने का काम करके दिखा दिया है कि वो सिर्फ घर ही नहीं बल्कि शासन प्रशासन भी चला कर दिखाती हैं। वही साक्षी ने महिला दिवस के मौके पर कही कि एक ओर जहां महिला सशक्तिकरण के नाम पर खूब बात हो रही है, सेमिनार हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर उन महिलाओं के साथ आए दिन रेप, छेड़खानी, घरेलू हिंसा हो रहे हैं जो बहुत ही दुखद है। भारत में एनसीआरबी के डाटा को देखा जाय तो आए दिन दस महिलाओं के साथ बलात्कार होते हैं। यह वो आंकड़े हैं जो केस दर्ज होने पर आते हैं। जबकि इससे कहीं अधिक आंकड़े तो थाने तक पहुंचते ही नहीं। मुझे लगता है कि विश्व महिला दिवस मनाना तब सफल साबित होगा जब इस तरह के घटना बंद हो जाएं और पुरुष अपने पुरुषत्व को महिलाओं पर न दिखा कर किसी सही जगह दिखाएं और महिलाओं को यह एहसास कराएं कि आप अपने घर में रहो या बाहर, हर जगह सुरक्षित हो। तब होगा असली विश्व महिला दिवस मनाने का असली मकसद पूरा।

## फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले घोड़पड़ास के आखेट के लिए रोस्टर जारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे घोड़पड़ास और जंगली सूअर के नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पांच प्रखंडों के चयनित पंचायतों में आखेट (शिकार) के लिए रोस्टर तैयार किया गया है। प्रशासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार 8 मार्च से 11 मार्च तक वन विभाग के विशेषज्ञ शूटर द्वारा इन जंगली जानवरों का आखेट किया जाएगा। यह कार्रवाई संबंधित पंचायतों के मुखिया के अनुरोध पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए वन प्रमंडल के सहयोग से की जा रही है। इस अभियान के लिए वन विभाग ने हैदराबाद से विशेषज्ञ शूटरों की टीम को तैनात किया है, जो तय कार्यक्रम के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में जाकर कार्रवाई करेगी।जारी रोस्टर के अनुसार 8 मार्च को मशरक प्रखंड के सोनौली और खजुरी पंचायत में आखेट किया जाएगा। वहीं 9 मार्च को इसुआपुर प्रखंड के इसुआपुर और रामपुर अटौली पंचायत में अभियान चलेगा।इसी तरह 10 मार्च को एकमा प्रखंड के अतरसन और एकसार पंचायत में विशेषज्ञ शूटर द्वारा कार्रवाई की जाएगी। अभियान के अंतिम दिन 11 मार्च को बनियापुर प्रखंड के पिरौटा खास पंचायत तथा मढ़ौरा प्रखंड के रामपुर पंचायत में आखेट किया जाएगा।प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के ग्रामीणों से अपील की है कि अभियान के दौरान सावधानी बरतें और वन विभाग के अधिकारियों व शूटरों का सहयोग करें, ताकि फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले जंगली जानवरों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।



## उच्च विद्यालय मशरक में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला खिलाड़ी सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उच्च विद्यालय मशरक के प्रांगण में बालिका हैंडबॉल खेल रविवार को आयोजित हुआ। खेल की समाप्ति के बाद एक दर्जन से अधिक राज्य एवं राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में पदक प्राप्त छात्राओं को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार बरनवाल एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक संजय कुमार सिंह ने सम्मानित किया । खिलाड़ियों को खेल किट , बैग एवं पाठ्य सामग्री दी गई। पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपशिखा कुमारी , शबाना खातून , करिश्मा कुमारी के अलावे आकांक्षा कुमारी, नीपू कुमारी, रोशनी कुमारी, संजना कुमारी , अंजली, गुड़िया, प्रीति कुमारी सहित अन्य शामिल थी।

## गुठनी में आपसी विवाद को लेकर सुनील सिंह को मारी गोली

**परवेज अख्तर/सिवान।** गुठनी थाना क्षेत्र में बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को हमलावरों ने उनके शरीर पर ताबातोड़ फायरिंग कर मौत के घाट उतारने का प्रयास किया।संजोग यह रहा कि मौके पर तो गोली के शिकार व्यक्ति की मौत नहीं हुई लेकिन वे शदीद तौर पर जख्मी हो गए।घायल जतौर गांव निवासी विधान सिंह के बेटे सुनील सिंह (45वर्ष) हैं।जिनका इलाज जारी है।प्राप्त विवरण के अनुसार सुनील सिंह किसी अपने एक नजदीकी के घर से तिलक समारोह से अपने पैतृक गांव की तरफ लौट रहे थे।इसी दरम्यान पहले से घात लगाए बैठे करीब आधा दर्जन हमलवारों ने उन पर हमला कर दिया और हमले के दौरान कई राउंड गोलियां दागना शुरू कर दी।इस हुई फायरिंग में सुनील सिंह को 6 गोली लगने की सूचना प्राप्त हो रही है।बताया जाता है कि गोली लगने से वे शदीद तौर पर जख्मी होकर गिर पड़े।सुनील सिंह को खून से लथपथ देख राहगीरों ने जब शोर मचाया तो मौके पर अफरा-तफरी कायम हो गई।मौजूद लोगों की मदद से उन्हें घायल अवस्था में प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद मौजूद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेन्टर रेफर कर दिया।जहां उनके स्वजन अपने स्वेक्षा अनुसार उन्हें गोरखपुर लेकर चले गए।जहां वे इलाजरत है।इस घटना की सूचना किसी ने स्थानीय पुलिस को दी तो सूचना पाकर तुरंत गुठनी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे मामले की तहकीकात शुरू कर दी।उधर इस घटना को लेकर एसपी पूरन कुमार झा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मैरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरी कुमारी को घटना के हरेक बिंदुओं पर गहराई पूर्वक अनुसंधान कर घटना में शामिल लोगों को हर हाल में गिरफ्तार करने का दिशा निर्देश दिया है।वहीं एसपी पूरण कुमार झा के दिशा निर्देश के आलोक में घायल सुनील सिंह का फर्द बयान गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में थानाध्यक्ष सुनील कुमार की उपस्थिति में थाना के सहायक अवर निरीक्षक उपेंद्र यादव ने लिया जिसमे गोलू तिवारी, बिहारी सिंह एवं अंकित कुमार सिंह तथा एक अज्ञात को नामजद किया ।

## सनातनी चित्राली उपाध्याय सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** रेडिएण्ट पब्लिक स्कूल भेल्दी में आयोजित एक कार्यक्रम में सारण की वायरल गर्ल सनातनी चित्राली उपाध्याय को मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान ने सम्मानित किया।इस मौके पर मढ़ौरा अंचल के इंस्पेक्टर नागेंद्र सहनी, स्कूल के सचिव रंजीत शांडिल्य, भेल्दी थाने की सब इंस्पेक्टर लवली कुमारी, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, पत्रकार विजय कुमार गुप्ता, राजेश उपाध्याय, आनंद कुमार, मनोज कुमार सिंह, दीपक कुमार, मृत्युंजय तिवारी, आलोक कुमार राय आदि उपस्थित थे।स्कूल के सचिव रंजीत शांडिल्य ने सभी पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।इसके पूर्व सचिव रंजीत शांडिल्य ने मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान, इंस्पेक्टर नागेंद्र सहनी, सब इंस्पेक्टर लवली कुमारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।मंच संचालन शिक्षक रूपक श्रीवास्तव ने किया।इस मौके पर स्कूली बच्चो ने नृत्य व एक से बढ़कर एक कार्यक्रम को प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## अंग्रेजी शराब लदी कार जब्त, चालक फरार

**एकमा (सारण)।** थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान अंग्रेजी शराब से लदी एक डस्टर कार जब्त की है। वहीं पुलिस को देखते ही चालक व उसमें सवार अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गए। बताया कि शनिवार की रात वे थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह, एसआई नंदनी कुमारी व पुलिस बल के साथ गश्ती पर थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एकमा रेलवे स्टेशन के पूर्वी ढाला के पास मांझी की ओर से आ रही एक डस्टर कार को जांच के लिए रोका गया। पुलिस को देखते ही चालक और अन्य सवार गाड़ी छोड़कर भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो बीच वाली सीट व डिक्की से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। वाहन से कुल 40 कार्टन अंग्रेजी शराब मिली, जिसकी मात्रा करीब 345 लीटर 600 ग्राम बताई गई है। पुलिस ने बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत वाहन व शराब को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार तस्करों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## चकमिरा गांव से वारंटी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के चकमिरा गांव में छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चकमिरा गांव निवासी विंदेश्वरी राम के पुत्र मंटू राम के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा ।

## निकुंभ क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का फाइनल कराह ने 8 विकेट से जीता खिताब

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** निकुंभ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को बेहद रोमांचक और शानदार माहौल में खेला गया। फाइनल मैच कराह और मोरा की टीम के बीच हुआ, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में मौजूद रहे। पूरे मैच के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मैच की शुरुआत टॉस से हुई, जिसमें मोरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मोरा की टीम के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत करते हुए कराह की टीम के सामने 175 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। बल्लेबाजों ने संयमित और आक्रामक खेल का मिश्रण दिखाते हुए टीम को मजबूत स्थिति तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कराह की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। कराह के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बना ली। बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर कराह की टीम ने मात्र 13 ओवर में ही 8 विकेट से जीत हासिल कर ली और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राखी गुप्ता, नरसिंह सिंह, मिठाई लाल और विशाल भारद्वाज उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता तथा उपविजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने निकुंभ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इस तरह के खेल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। मैच के समापन पर विजेता टीम कराह को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम मोरा को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का भरपूर उत्साह बढ़ाया। निकुंभ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट ने क्षेत्र में खेल के प्रति युवाओं के उत्साह को और बढ़ाने का काम किया है।




### लौंवा वार्ड सदस्य की 102 वर्षीया मां का निधन ; शोक व्याप्त

**दैनिक खोज खबर इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के लौंवा पंचायत के वार्ड सदस्य देव कुमार साह की 102 वर्षीया माता पतासो कुंवर का निधन शनिवार की रात में हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का हुजूम उनके अंतिम दर्शन को उमड़ पड़ा। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह, बीडीसी प्रतिनिधि सूरज लाल श्रीवास्तव, पूर्व बीडीसी अशोक यादव,विजय राय, मनोहर साह, राम नारायण साह, नरेश साह, कन्हैया साह, अजीत श्रीवास्तव, गुड्डू साह, झुना साह, रवि रंजन साह, श्रवण कुमार,रोहित कुमार, मोहित कुमार, मनीष कुमार, छोटू कुमार, चंद्रिका साह समेत सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर मृतका के पार्थिव शरीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सांसद रुडी की पहल पर आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरण शिविर

### पूर्व-पंजीकृत लाभार्थियों को नि:शुल्क आयुष्मान गोल्डन कार्ड का वितरण

**दैनिक खोज खबर/अमनौर/छपरा।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत समाज के जरूरतमंद वर्गों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी के सौजन्य से आयुष्मान वय वंदना गोल्डन कार्ड वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुरक्षा और जनकल्याण के संकल्प को साकार करने की दिशा में सारण सांसद रूडी के सौजन्य से रविवार को अमनौर प्रखंड के अमनौर हरनारायण पंचायत अवस्थित अमनौर बड़ा पोखरा पर इस विशेष आयुष्मान वय वंदना गोल्डन कार्डवितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में पूर्व-पंजीकृत लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत निःशुल्क गोल्डन कार्ड प्रदान किए जाएंगे, जिसके माध्यम से पात्र परिवारों के प्रत्येक सदस्य को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से परसा प्रखंड प्रमुख सविता देवी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा, राणा प्रताप सिंह जी इत्यादि उपस्थित थे।



## क्वीज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**दैनिक खोज खबर /भेल्दी(सारण)।** रेडिएण्ट पब्लिक स्कूल भेल्दी के तत्वावधान में रविवार को क्विज प्रतियोगिता व वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह काआयोजन किया गया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान, इंस्पेक्टर नागेंद्र सहनी, पत्रकार राजेश उपाध्याय, स्कूल के सचिव रंजीत शांडिल्य, अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया।आगत अतिथियो का स्वागत स्कूल के निदेशक रंजीत शांडिल्य ने किया। क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ट्रबल शूटर्स ग्रूप आठवीं कक्षा के स्मृति कुमारी, अंश कुमार, प्रतीक कुमार, द्वितीय स्थान ड्रिम मेकर्स ग्रूप की तृतीय कक्षा की राज लक्ष्मी, आरोही कुमारी, अनुष्का कुमारी, तृतीय स्थान माइंड बेंडर्स के चौथी कक्षा की साक्षी कुमारी, अनुष्का कुमारी व शबरीन प्रवीण प्राप्त की जिससे मुख्य अतिथि डीएसपी नरेश पासवान ने पुरस्कृत किया।इसके अलावे रिया, प्रिया, माही, प्रियल श्रीवास्तव, प्रिंस, अनीष, अनस, विनेश, आर्या ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम को प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर लवली कुमारी, शिक्षक वरूण सिंह, सुमित पाठक, विनोद पाण्डेय, राजीव कुमार, अंजली कुमारी, माला कुमारी, रौशनी कुमारी, राजीव रंजन, अरविंद श्रीवास्तव, सनातनीचित्राली उपाध्याय आदि उपस्थित थे।अध्यक्षता व मंच संचालन शिक्षक रूपक श्रीवास्तव ने किया।रेडिएण्ट पब्लिक स्कूल के सचिव रंजीत शांडिल्य ने आगत अतिथियो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## टेहटी विवाद में 19 पर प्राथमिकी, दो लोग भेजे गये जेल

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** थानाक्षेत्र के टेहटी में हुई दो पक्षो में हुई विवाद के मामले में पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में दो अलग अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें कुल 19 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अंचलाधिकारी के लिखित आवेदन पर 11 लोगों पर वही दुसरी तरफ हाशिम अंसारी के आवेदन पर 8 पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में पुलिस ने टेहटी निवासी अशोक यादव व शत्रुधन यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सोनपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटने से एक युवक की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 5 पर रविवार के सुबह ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई। इस घटना के बाद घटना स्थल पर हहकार मच गया और अफंरा तफरी का माहौल कायम हो गया.इस घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर इसकी छानबीन की.जहां उसकी पहचान के रूप में मृतक सोनपुर बरबट्टा के दरोगा महतो के पुत्र 45 वर्षीय अरविंद कुमार उर्फ ननकी बाबा के रूप में पहचान हुई। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। जहां मृतक के परिजन रोते बिलखते सोनपुर जीआरपी कार्यालय पहुंचा। उक्त बात की जानकारी देते हुए जीआरपी सब इंस्पेक्टर मंजू देवी ने यह भी बताया कि सोनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 के ट्रैक पर जयनगर दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आने से रविवार सुबह 9 बजे एक युवक की मौत हुई है.युवक के पास आधार कार्ड और यात्रा टिकट सोनपुर से हाजीपुर का बरामद हुआ है.मृतक की पहचान सोनपुर बरबट्टा के दरोगा महतो के पुत्र अरविंद कुमार 45 वर्ष के रूप में पहचान हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए छपरा भेज दिया. पोस्टमार्टम होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को शव सौप दिया गया. बरबट्टा के एक युवक ने बताया कि मृतक अरविंद कुमार के दो लड़का और दो लड़की है.वह मजदूरी का काम करता था ।

## बिजली चोरी मामले में तीन उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के निर्देशानुसार गठित विद्युत विभाग की छापेमारी टीम द्वारा की गई छापेमारी अभियान में सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर चाई टोला के तीन घरेलू परिसर में विद्युत बिल का बकाया राशि को लेकर पूर्व में लाइन काट दिए जाने के बावजूद अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करते हुए विभाग के टीम ने रंगे हाथों पकड़ा। इस मामले में सोनपुर कनीय विद्युत अभियंता सुरज कुमार ने सबलपुर चाई टोला के रमाशंकर सिंह, अशोक राय जय मंगल राय के विरुद्ध सोनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोनपुर सहायक विद्युत अभियंता शम्भु कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमारी टीम कुमार तेजस्वी, रामवचन, बिरेन्द्र द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत संबंध विच्छेद हेतु जारी अभियान के दौरान छापेमारी टीम जब सबलपुर चाई टोला में बिजली चोरी करते तीन उपभोक्ता को रंगे हाथ पकड़ा। जिसके ऊपर विभागीय कार्रवाई करते हुए कन्या विद्युत अभियंता सूरज कुमार ने सोनपुर थाने में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई है उक्त बात की जानकारी देते हुए कन्या विद्युत अभियंता सूरज कुमार ने रविवार को बताया कि रामाशंकर राय पिता स्वर्गीय लक्ष्मी सिंह के यहां बकाया राशि ?15002/- था जहां विभाग द्वारा विद्युत विच्छेद किया गया था.चोरी से विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए. इससे विभाग को ?12119/- की क्षति हुई इनके ऊपर कुल ? 27131/- रुपए की वसूली करनी है।वही अशोक राय पिता हरिवंश राय सबलपुर चाय ओला नियर भगवती स्थान के यहां बकाया राशि ?35882/- रुपया था जहां विद्युत विच्छेद कर दिया गया था जहाँ अवैध रूप से चोरी से विधुत का उपयोग करते पकड़े गए इससे विभाग को ? 9847/- पर की क्षति हुई. इनके ऊपर कुल ?45729/- की क्षति पूर्ति वसूली के लिए थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है.जबकि जब मंगल राय पिता स्वर्गीय मुनका राय सबलपुर चाई टोला नियर भगवती स्थान के यहां बकाया राशि ? 24727/- रुपया था. जहाँ विभाग द्वारा विद्युत विच्छेद किया गया इन्होने चोरी से विद्युत के उपयोग करते हुए पकड़े गए.इससे विभाग को ? 8714/- रुपए की क्षति हुई है इनके ऊपर कुल ? 33441 /-की क्षतिपूर्ति के लिए सोनपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है।

## सोनपुर के आनंदपुर गांव के गोल्डी बैटरी इलेक्ट्रिक दुकान में हुई चोरी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर परिषद क्षेत्र के हरिहरनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत आनंदपुर गांव के समीप गोल्डी बैटरी इलेक्ट्रिक दुकान में बेडीलेटर तोड़ कर दुकान में घुस कर चोर ने तार व गल्ला में रखे नगद रूपये अन्य समानों की चोरी कर चोर फरार हों गया।इस घटना की जानकारी हरिहरनाथ पुलिस को रविवार को पीड़ित बिक्रम सिंह ने दी। जहां आवेदन के आलोक में पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर चोरो को चिन्हित करने आगे की कार्रवाई में जुट गई है. चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में चोर के काली करतूते व चेहरा फटेज में कैद हों गयी है । इस संबंध में थानाध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि विक्रम सिंह के इलेक्ट्रिक दुकान में चोरी हुई है.आवेदन के आलोक में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण को एचएम ने बस को दिखाई हरी झंडी

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण को बच्चे निकले वैशाली के ऐतिहासिक तथ्यों को जानने जहाँ बनियापुर कन्या मध्य विद्यालय बनियापुर से बच्चों को डी डी ओ सह एच एम मो जलालुद्दीन ने शैक्षिक परिभ्रमण के लिए छात्र छात्राओं शिक्षकों को बस पर बैठाकर बस को हरी झंडी दिखाई जहाँ, उन्होंने बताया कि इस परिभ्रमण मे बच्चे वैशाली जिले के पौराणिक ,भारतीय संस्कृति के धरोहरो का भ्रमण करेंगे वही इतिहासिक महत्व के बारे मे जानेगे।यह शैक्षणिकब् परिभ्रमण मे बिहार के कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों को जाएगे जहा बच्चे अब तक किताबो मे पढ़ा करते थे ,आज उन्हे खुले आँखो से देखकर ज्ञान अर्जित करेंगे,वही एच एच श्रीराम मो जलालुद्दीन आश्मोहम्मद हरिश्चंद्र चौधरी राम लाल राम नसीम अहमद प्रदीप कुमार मनोज प्रसाद आदि ने बताया कि सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना है जिसके माध्यम से छात्र छात्राए राज्य के दर्शनीय ऐतिहासिक स्थलों का जो किताबो के जरिए पढ़ते जानते है उन्हे खुले आँखो से देखकर जान जाते है।वही इस सामूहिक परिभ्रमण से बच्चे उत्साहित होकर सीखते है।जहा मौके पर अन्य शिक्षक शामिल थे।

# सिवान-श्रीराम कथा के प्रथम दिन मातृशक्ति का वंदन

**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर वीएमएचई इंटर कालेज के प्रांगण में अंतराष्ट्रीय कथावाचक राजन महाराज के श्रीमुख से संगीतमय, लालित्यपूर्ण, रसमयी श्रीराम कथा के वाचन का शुभारंभ रविवार को हो गया। कथा के प्रथम दिन मातृ शक्ति के समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान को वंदन किया गया। इसके पूर्व श्रीराम कथा का शुभारंभ पूज्य राजन महाराज, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हरिनारायणाचारी मिश्रा, स्वामी रामनारायण दास, डाक्टर आशुतोष सिन्हा तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पूज्य राजन महाराज का स्वागत राम कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. राजन कल्याण सिंह, स्वागताध्यक्ष डा. शरद चौधरी, संयोजक डाक्टर रूपेश कुमार, संरक्षक डाक्टर रामेश्वर कुमार, डाक्टर राम इकबाल गुप्ता आदि ने किया। प्रथम दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, जहां महिला शिक्षिका अंजनी पांडेय ने मंच संचालन किया। वहीं नारी शक्ति को सम्मान स्वरुप पंच पल्लव का पौधा सौंप कर उसकी सेवा और संरक्षण का संकल्प भी कराया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल शांति सिंह, डाक्टर संगीता चौधरी, डाक्टर भारती त्रिपाठी, अमृता सिंह, डाक्टर ममता सिंह को पंच पल्लव के पौधे देकर उनकी सेवा और संरक्षण का संकल्प कराया गया। कथा स्थल के निकट श्रीराम कथा के यज्ञाध्यक्ष स्वामी रामनारायण दास, तथा वेद विद्यालय के बटुक भी बैठे थे। श्रीराम कथा के श्रवण हेतु रविवार को दोन के जे आर कान्वेंट के विद्यार्थी भी पहुंचे।





# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' एक बार फिर 10 मार्च से, कई जिलों का करेंगे दौरा

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** नीतीश कुमार अपने मुख्यमंत्रित्व काल के अंतिम चरण में एक बार फिर राज्यव्यापी दौरे पर निकलने जा रहे हैं। राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा और आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री 10 मार्च से 14 मार्च 2026 तक ÷समृद्धि यात्रा÷ के तृतीय चरण की शुरुआत करने वाले है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश जारी कर दिया गया हैं। कार्यक्रम से संबंधित जारी पत्र के अनुसार मुख्यमंत्री इस यात्रा के दौरान कोशी और सीमांचल सहित मुंगेर प्रमंडल के तीन जिलों में विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। राज्य सरकार के अनुसार इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विकास योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करना और लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना है। प्रशासनिक स्तर पर भी यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। संबंधित जिलों के अधिकारियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया हैं।समृद्धि यात्रा के तृतीय चरण में मुख्यमंत्री 10 मार्च को सुपौल और मधेपुरा जिले से कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। इसके बाद 11 मार्च को अररिया और किशनगंज जिलों का दौरा करेंगे, जहां मधेपुरा में उनका रात्रि विश्राम निर्धारित है। वहीं 12 मार्च को पूर्णिया और कटिहार में कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। जबकि 13 मार्च को सहरसा और खगड़िया तो 14 मार्च को बेगूसराय और शेखपुरा जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री पटना वापस लौटेंगे। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन तथा कार्यारंभ भी करने वाले हैं। साथ ही जिलास्तरीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देने का काम करेंगे। कार्यक्रम के तहत ÷जन संवाद÷ भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से सीधे संवाद करेंगे तथा उनकी समस्याएं सुनेंगे। हालांकि खास तौर पर प्रगति यात्रा और सात निश्चय से जुड़ी योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा जिले की अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं और परियोजनाओं का भी जायजा लिया जाएगा।




# रंट लगने से युवक की मौत

**भागलपुर,एजेंसी।** पुलिस जिला नवगछिया के जगतपुर इलाके में शनिवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक करण है। बताया जा रहा है कि वह रोज़ की तरह सुबह अपने खेत में पटवन (सिंचाई) करने गए थे लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह दिन उनके जीवन का आखिरी दिन साबित होगा। बताया जा रहा है कि खेत में काम करने के बाद जब करण घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में अचानक उनका पैर फिसल गया। संतुलन बनाने के लिए उन्होंने पास में पड़े एक नंगे तार को पकड़ लिया। उन्हें यह नहीं पता था कि उस तार में बिजली का करंट दौड़ रहा है। जैसे ही उन्होंने तार पकड़ा, वे करंट की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करंट लगते ही करण जोर-जोर से चीखने लगे और उनके शरीर से धुआं उठता दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों के होश उड़ गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पास में रहने वाले मंशा शेख ने नीलगाय को पकड़ने के उद्देश्य से अवैध रूप से खेत में बिजली का नंगा तार बिछाया था। नीलगाय तो नहीं फंसी, लेकिन इस लापरवाही ने एक निर्दोष युवक की जान ले ली। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।



## हरिहरनाथङ्कमुक्तिनाथ सांस्कृतिक यात्रा के आयोजन को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर परिषद क्षेत्र के सबलपुर निचली सड़क स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रागण में हरिहरनाथङ्कमुक्तिनाथ सांस्कृतिक यात्रा के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की तिथियों, मार्ग तथा विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और आयोजन को भव्य तथा सुव्यवस्थित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श रविवार को किया गया। बैठक में यह जानकारी दी गई कि यह पवित्र यात्रा हरिहरनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर मुक्तिनाथ मंदिर नेपाल तक आयोजित की जाएगी। यह यात्रा 13 अप्रैल 2026 से 19 अप्रैल 2026 तक चलेगी। धार्मिक पंचांग के अनुसार यह यात्रा बैसाख कृष्ण पक्ष एकादशी से प्रारंभ होकर बैसाख शुक्ल पक्ष द्वितीया (संवत् 2083) तक संचालित होगी।बैठक को संबोधित करते हुए धर्म जागरण समन्वय के क्षेत्र प्रमुख सूबेदार सिंह ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं को जनमानस के बीच पुनः स्थापित करना तथा भारत और नेपाल के बीच आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर धर्मसभाओं, प्रवचनों तथा महाआरती का आयोजन किया जाता है, जिनमें विद्वान वक्ताओं द्वारा धर्म और अध्यात्म के विषय में लोगों को प्रेरित किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस यात्रा की परंपरा प्राचीन काल से जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि जगद्गुरु रामानुजाचार्य ने भी इस मार्ग की आध्यात्मिक महत्ता को प्रतिष्ठित किया था। उत्तर क्षेत्र में प्रवाहित होने वाली नारायणी नदी, जिसे काली गंडकी भी कहा जाता है, अपने भीतर पाए जाने वाले पवित्र शालिग्राम शिलाओं के कारण विशेष महत्व रखती है। इस नदी का उद्गम स्थल नेपाल स्थित मुक्तिनाथ क्षेत्र माना जाता है।

इसी क्षेत्र से जुड़ी एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार गज और ग्राह के युद्ध का प्रसंग भी इसी नदी से संबंधित है, जिसका समापन गंडकी और गंगा के संगम स्थल सोनपुर में हुआ था। मान्यता है कि भगवान विष्णु स्वयं प्रकट होकर ग्राह को मुक्ति प्रदान कर गज की रक्षा की थी। इसी पावन स्थल पर स्थित हरिहरनाथ मंदिर आज भी श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है।बैठक में यात्रा के सफल संचालन के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियों का भी निर्धारण किया गया। यात्रा के संयोजक के रूप में श्री अजीत कुमार आर्य तथा नगर संयोजक के रूप में अभिमन्यु जी को जिम्मेदारी सौंपी गई। यात्रा के संचालन के लिए गठित आयोजन समिति में अनेक प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तित्व शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह (पूर्व राज्यसभा सांसद) हैं। वहीं प्रो. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता (विधान पार्षद), डॉ. मुरारी मोहन झा (विधायक) तथा भाजपा नेता बिनोद सिंह सम्राट हैं। समिति के महासचिव के रूप में अनुप कुमार (दिल्ली), श्रीमती रिंकी कुमारी (दरभंगा), मिथिलेश कुमार सिंह (पटना) तथा डॉ. आशुतोष कुमार (सोनपुर) कार्यभार संभालेंगे, जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में सुशील अग्रवाल (मुजफ्फरपुर) को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त माननीय सदस्यों में डॉ. संजय जायसवाल (सांसद), संतोष कुमार सिंह (विधान पार्षद एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार), जीवन कुमार (विधान पार्षद), अशोक सिंह (पूर्व विधायक, पारू), रिंकू सिंह (पूर्व विधायक, वाल्मीकि नगर), मनोज सिंह (पूर्णिया) तथा संजय कुमार सिंह (सराय, वैशाली) शामिल हैं।बैठक में धर्म जागरण समन्वय के प्रचारक प्रमुख संत रविदास, प्रांत संयोजक अनिल ओझा, प्रांत सह-संयोजक अरुण सिन्हा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ग्राम विकास के प्रांत सह-संयोजक रंधीर कुमार, जिला संयोजक डॉ. त्रिभुवन झा, सह-संयोजक राजेश कुमार सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह-मंत्री यशवंत कुमार सहित शंभूनाथ सिंह, कुँवर सोनू सिंह, राज सिगरीवाल, करणजीत सावरियाँ, संजीव कुमार सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सांस्कृतिक यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ भारत और नेपाल के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगी। साथ ही श्रद्धालुओं से इस पुण्य यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया गया।

## 28 घोड़परास को ट्रेंड शूटरों ने किया ढेर, किसानों को मिली राहत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र में किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे घोड़परास के आतंक से राहत दिलाने के लिए प्रशासन की पहल पर ट्रेंड शूटरों की टीम ने अभियान चलाया। जिले से आए पंजीकृत और प्रशिक्षित शूटरों ने मशरक के सोनौली में अभियान चलाकर करीब 28 घोड़परास को मार गिराया। मौके पर वन परिसर पदाधिकारी अमन कुमार ,शूटर नवाब शफत अली खां, पंचायत के मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू समेत अन्य मौजूद रहें।सोनौली पंचायत के मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने बताया कि घोड़परास के कारण किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा था। किसान रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर थे। फिलहाल इस कार्रवाई के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है।

## टी–20 वर्ल्ड कप जीतने पर मुख्यमंत्री ने टीम को देरबधाई एवं शुभकामनाएं

**दैनिक खोज खबर/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय क्रिकेट टीम को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत पूरे देश के लिए गर्व और हर्ष का क्षण है। खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, समर्पण और टीम भावना से देश का नाम विश्व पटल पर रौशन किया है। टीम इंडिया के कप्तान सूर्य कुमार यादव जी सहित सभी खिलाड़ियों, कोच तथा सहयोगी स्टाफ को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई। विशेष रूप से बिहार के लाल एवं अत्यंत प्रतिभाशाली खिलाड़ी ईशान किशन को भी मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं, जिन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें विश्वास है कि भारतीय टीम आगे भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित करती रहेगी। सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना है।

## ट्रेनों में अगले 15 दिनों तक कंफर्म टिकट नहीं

**सिवान।** होली की छुट्टियां खत्म होते ही दूसरे राज्यों में रहकर अपनी जीविका चलाने वाले लोग रोजगार पर लौटने लगे हैं। इस कारण दिल्ली, कोलकाता और मुंबई की तरफ जाने वाली ट्रेनों में भीड़ काफी बढ़ गई है। भीड़ के कारण परदेश लौटने वाले यात्रियों के लिए इस बार रेल यात्रा किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं रह गई है। रविवार को जंक्शन से होकर गुजरने वाली वैशाली एक्सप्रेस, बिहार संपर्क सुपरफास्ट सहित अन्य स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ रही। प्लेटफार्म पर सुबह से ही यात्रियों का आना-जाना लगा रहा। वहीं जंक्शन होकर कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, डिब्रूगढ़ सहित अन्य जगहों पर जाने वाली ट्रेनों में सवार होने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। यात्रियों की भीड़ को देख रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों के परिचालन किए जाने के बाद भी ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की समस्या अगले 15 दिनों तक कम नहीं होने वाली है। अगले दो सप्ताह बाद ही लंबी दूरी की ट्रेनों में कंफर्म बर्थ मिलने की कुछ उम्मीद है।

## 10 दिन से लापता बच्चे का सड़ा-गला शव मिला:हाथ पैर का पंजा बदमाशों ने काटा

**मुजफ्फरपुर ,एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में 10 दिनों से लापता 7 साल के ऋषिकेश का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। घटना करजा थाना क्षेत्र के चैनपुर चौड़ की है। बच्चे का सड़ा-गला शव बरामद होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। शव के हाथ और पैर के पंजे कटे हुए है, जिससे हत्या की क्रूरता का पता चलता है। चैनपुर पछियारी निवासी अशोक सिंह के बेटे ऋषिकेश कुमार (7) बीते 27 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे घर के पास स्थित शिव मंदिर में बच्चों के साथ खेलने गया था। जब वह शाम तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मृतक चार बहनों के बीच अकेला भाई था। ऋषिकेश की मां सोनी देवी ने करजा थाने में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया था कि गायब होने के वक्त उसने काले रंग का इनर और फुल पैंट पहना था।

**हत्या के बाद सबूत मिटाने की कोशिश :** आज स्थानीय लोगों ने चैनपुर चौड़ में एक अज्ञात शव देखा, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची करजा थाना पुलिस ने जब शव को बाहर निकाला, तो उसकी स्थिति बेहद खराब थी। मासूम का शव बुरी तरह सड़ चुका था और शरीर के अंग, विशेषकर हाथ व पैर के पंजे, कटे हुए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने और पहचान छुपाने के उद्देश्य से शव को चौड़ में फेंका गया था।

**पुलिस ने एक को हिरासत में लिया :** मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ऋषिकेश की हत्या के पीछे कई गंभीर पहलू सामने आ रहे हैं, जिस पर पुलिस की विशेष टीम काम कर रही है। एसएसपी ने पुष्टि की है कि शक के आधार पर एक पड़ोसी को हिरासत में लिया गया है, जिससे गुप्त स्थान पर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## सिवान ~ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जिले में विभिन्न जगहों पर हुआ स्वागत

**परवेज अख्तर/सिवान।** भारतीय जनता पार्टी बिहार के प्रदेश के अध्यक्ष संजय सावरंगी शनिवार की शाम सिवान पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ ढोल नगाड़ों के साथ गर्म जोशी के साथ अपने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। संजय सारंगी बिहार भाजपा के प्रदेश के मंत्री नंद प्रसाद चौहान की माता के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सिवान आए हुए थे। सरसर में दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ़ व्यास सिंह ने अंग वस्त्र,पुष्प देकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत गोपालगंज मोड़, सिवान अशोक होटल श्यामपुर बाजार भावना बाजार नौतन मोड़ दरौली मोड़ सहित विभिन्न जगहों पर कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। स्वागत कार्यक्रम में नागरिक परिषद के सचिव राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य अभिमन्यु कुमार सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष सत्यम सिंह सोनू, धनंजय सिंह,अनुराधा गुप्ता ,हरेंद्र सिंह कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, मुकेश कुमार बंटी, सुशीला देवी,किरण गुप्ता, मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, अजय पासवान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।।

## पुलिस से मारपीट मामले में आरोपितों के घर कुर्की–जब्ती का इश्तेहार चस्पाया

**सिसवन (सिवान)।** सिसवन थाना कांड संख्या 405/25 में पुलिस के साथ मारपीट के नामजद आरोपितों के खिलाफ रविवार को पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी। इस क्रम में सिसवन थाना के एसआइ कौशल कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने आरोपितों के घर पहुंचकर डुगडुगी बजाकर कुर्की-जब्ती का इश्तेहार चस्पा किया। पुलिस ने बताया कि मामले में नामजद आरोपित रामबाबू गोंड, सोनू गोंड व महातम गोंड के घर पर न्यायालय के आदेश के बाद कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के तहत इश्तेहार चिपकाया गया है। इस दौरान पुलिस ने आसपास के लोगों को भी इसकी जानकारी दी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि नामजद आरोपित अब तक फरार चल रहे हैं। यदि वे शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो आगे कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी हुई है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 जीविका दीदियां सम्मानित

**दारौंदा (सिवान)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीविका दारौंदा कार्यालय में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नारी एकता, अंश राज एवं पृथ्वी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के तत्वावधान में किया गया, इसमें नारी सशक्तीकरण और महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक अमित प्रीतम ने कहा कि नारी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। महिलाओं के सम्मान और उनके योगदान को याद दिलाने के लिए प्रत्येक वर्ष आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन सिर्फ कार्यालय, नौकरी या व्यवसाय में योगदान देने वाली महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाली मां, बहन, पत्नी और बेटियों के सम्मान का भी प्रतीक है। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 जीविका दीदियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रीता कुमारी, रिंकू कुमारी, निशा कुमारी, सावित्री देवी, लक्ष्मीना देवी, बिंदु कुमारी, संध्या कुमारी सहित काफी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित थीं।

## गुठनी गोलीकांड - एसपी पूरन कुमार झा ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

**गुठनी थाना क्षेत्र के चकिया गांव नहर के पास हुई गोलीबारी की घटना**
**बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने सुनील सिंह को मारी गोली**
**एसपी पूरन कुमार झा ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**
**मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए पुलिस पदाधिकारियों को दिए निर्देश**

**परवेज अख्तर/सिवान।** गुठनी थाना क्षेत्र में हुए गोलीकांड के बाद पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने रविवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सात मार्च की शाम गुठनी थाना को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के चकिया गांव नहर के पास दो मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने सुनील सिंह नामक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया है।सूचना मिलते ही गुठनी थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले का निरीक्षण किया। घायल सुनील सिंह को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में गुठनी थाना में कांड दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। सूचना प्राप्त होने के बाद उन्होंने स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और घटना के त्वरित उद्भेदन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है और पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।वहीं पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ गौरी कुमारी तथा डीआइयू के विनोद सिंह मौजूद थे।

## 50 हजार की छिनतई मामले में एक गिरफ्तार

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के जेपी चौक समीप डाकघर के बाहर से 50 हजार रुपया की छिनतई मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बेगूसराय जिला फुलवरिया थाना क्षेत्र के सोखारा निवासी मनोज मिश्रा है। इसके पास से पुलिस ने 14 सौ रुपया को बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 24 फरवरी को नगर थाना को एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें आवेदक उमानाथ राय (जिला विशेष शाखा पदाधिकारी) द्वारा अंकित किया गया कि 24 फरवरी की दोपहर लगभग दो बजकर बीस मिनट पर डाकघर कार्यालय से 50 हजार रुपया की राशि निकालकर बाहर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनसे उक्त राशि छीन ली गई। प्राप्त आवेदन के आधार पर नगर थाना द्वारा संबंधित कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी जांच एवं सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन के आधार पर बदमाश की पहचान करते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। कार्रवाई के क्रम में अभियुक्त मनोज मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से छिनतई की गई राशि के संबंध में पूछताछ की गई। मामले में आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार बेगूसराय जिला फुलवरिया थाना क्षेत्र के सोखारा निवासी मनोज मिश्रा को जेल भेज दिया गया। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का अबतक का ज्ञात आपराधिक इतिहास है, जो नगर थाना कांड संख्या-367/25 है। इसके पास अभी नगद राशि 14 सौ रुपया बरामद हुआ है।

## डीएम ने ईओ के साथ बैठक कर दिए कई निर्देश

**महाराजगंज (सिवान)।** जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने शनिवार को महाराजगंज नगर पंचायत सभागार में जिले के विभिन्न नगर पंचायत के ईओ के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने सभी ईओ को गर्मी में पेयजल की आपूर्ति एवं बरसात में जलजमाव की समस्या के निदान का समुचित उपाय करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जहां- जहां पियाऊ बनाए गए हैं वहां आमलोगों को कितनी फायदा हो रही है उसकी जांच की जाए। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत की साफ सफाई समय से हो। इसमें किसी प्रकार की कोताही हुई तो संबंधित एनजीओ पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि गर्मी का मौसम चालू हो रहा है। जिले के सभी नगर पंचायत में आम जनों को पानी की समस्या न हो इसे देखा जा रहा है। इस मौके पर एसडीओ अनीता सिन्हा, महाराजगंज ईओ डा. विपिन कुमार आदि उपस्थित थे।

## भूमि विवाद को ले हुई मारपीट में युवक घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सरौत गांव में रविवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल युवक की पहचान घायल युवक सरौती निवासी लालमोहर राम का पुत्र गुड्डू कुमार राम बताया जाता है।

## परिभ्रमण के लिए बच्चों का जत्था वैशाली को रवाना

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** प्रखंड के पकड़ी तिवारी टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार व मध्य विद्यालय कपड़ीपुर के प्रधानाध्यापक मुन्ना कुमार साह की देखरेख में छात्रों का जत्था शनिवार को निजी वाहन से शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए वैशाली के लिए रवाना हुआ। प्रधानाध्यापक ने बताया कि परिभ्रमण से बच्चों का सामाजिक, मानसिक बौद्धिक, शैक्षणिक विकास होता है। बच्चों के साथ शिक्षक अरुण कुमार यादव, सुमन कुमारी, तूलिका श्रीवास्तव, राजेश कुमार, अजीत कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## मशरक थाना परिसर में बवाल– थानाध्यक्ष समेत आधा दर्जन घायल, डीएसपी ने शुरू की जांच

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अवांछनीय तत्वों ने थाना पहुंचकर हंगामा करते हुए पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इस घटना में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान समेत करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मशरक में कराया गया। घायलों में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान, सिपाही स्मृति प्रियंका, प्रीति कुमारी सिंह, चौकीदार रामराज कुमार तथा सुरेश राय शामिल हैं। जानकारी के अनुसार चांद बरवा गांव में सड़क पर बनाए गए ब्रेकर को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। इसी विवाद की सूचना मिलने पर इमरजेंसी 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर पहुंची 112 टीम से उनकी कहासुनी हो गई और पुलिस वाहन को घेरकर लोगों ने विरोध जताया। बाद में पिक अप,कार और आधा दर्जन बाइक पर आए दर्जनों लोग शिकायत लेकर मशरक थाना पहुंचे, जहां थानाध्यक्ष से उनकी कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि आक्रोशित लोगों ने थाना पहुंचकर अचानक हमला कर दिया। बीच-बचाव के दौरान पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि कार, पिक अप और आधा दर्जन बाइक जप्त कर दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील

**महाराजगंज (सिवान)।** अनुमंलीय अस्पताल महाराजगंज द्वारा मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 23 फरवरी से 20 मार्च 2026 तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों से सहयोग करने का अनुरोध किया गया है। अनुमंलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डा. सुमित कुमार सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कृषि विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रखंड परियोजना प्रबंधक तथा जीविका से जुड़े पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में बताया गया है कि अभियान के दौरान परिवार नियोजन से जुड़ी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार 23 फरवरी से पांच मार्च तक दंपती संपर्क पखवाड़ा मनाया गया, जबकि छह मार्च से 20 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सोमवार से शनिवार त अनुमंडलीय अस्पताल में महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी सहित अस्थायी परिवार नियोजन विधियों की सेवा एवं परामर्श दिया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से अपने स्तर से मुखिया, सरपंच, पंचायत सचिव, कृषि सलाहकार, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, आशा तथा जीविका दीदियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने तथा लाभार्थियों को प्रेरित करने की अपील की है। अभियान के तहत प्रत्येक पंचायत से कम से कम एक पुरुष नसबंदी, एक महिला बंध्याकरण, एक कापर-टी और एक अंतरा इंजेक्शन सेवा प्राप्त कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## खाड़ी देश में युद्ध से सहमे जिले के युवा

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से काफी संख्या में हर महीने निजी कंपनियों में नौकरी करने के लिए युवा खाड़ी देशों का रुख करते रहे हैं, लेकिन ईरान-अमेरिका एवं इजराइल के बीच चल रहे युद्ध और खाड़ी देशों पर इरान के हमले ने माहौल को पूरी तरह से बदल दिया है। खाड़ी देशों से छुट्टी पर आए कई युवा अभी वापसी करने के इरादे में नहीं हैं। हरिहांस निवासी अभिमन्यु कुमार जो नवंबर 2025 में शादी के लिए गांव आया था, शादी संपन्न होने के बाद 11 मार्च को उसकी फ्लाइट है। वहीं गेना राम तीन महीने पूर्व एवं चंद्रमा सिंह दो महीने पूर्व छुट्टियों पर घर आए थे। उनकी भी फ्लाइट 13 एवं 16 मार्च को होनी है। साथ ही फाजिलपुर निवासी आदर्श कुमार पहली बार 17 सितंबर 2025 को दुबई गया था। इसी बीच फरवरी में बहन की शादी में शरीक होने के लिए महज चार महीने के अंदर 14 फरवरी को घर आया था। जिसकी फ्लाइट बीते छह मार्च को होनी थी।

## आरके बीएड कालेज में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**सिवान।** भगवानपुर हाट के सुघरी स्थित राजेंद्र किशोरी बीएड कालेज में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं एवं प्राध्यापकों द्वारा महिला सशक्तीकरण विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने भाषण, कविता, प्रेरक प्रसंग तथा नाटक के माध्यम से महिलाओं की भूमिका, सम्मान और समाज में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष, बीएड द्वितीय वर्ष तथा डीएलएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमेश कुमार के अभिभाषण से हुआ। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज में महिलाओं के सम्मान, समृद्धि, सहयोग तथा सृजनात्मक योगदान को स्मरण किया और सभी को महिलाओं के प्रति समानता व सम्मान की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। इसमें पल्लवी कुमारी ने प्रथम स्थान, रोजी नाज, द्वितीय तथा पूजा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक अभिषेक शुक्ला, प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार, भृगुनाथ चौबे, डा. राकेश कुमार, डा. सनत कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

## बिजली विभाग के जेई पर विद्युत बिल में गड़बड़ी का आरोप

पचरुखी (सिवान)। प्रखंड से बिजली विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष इंदु देवी के नाम से आए बिजली बिल को लेकर उनके पति पूर्व मुखिया संतोष कुमार आडवाणी ने बिजली विभाग के जेई पर विद्युत बिल में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब बिजली बिल की समस्या को लेकर जेई को फोन किया जाता है तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग में राशि लेकर मामलों का मैनेज किया जाता है। वहां आम आदमी की बात कौन कहे जनप्रतिनिधियों की बात तक नहीं सुनी जाती है। प्रखंड में बिजली बिल का मामला आए दिन सामने आता है। उन्होंने जेई पर राशि लेकर मामले को मैनेज करने का आरोप लगाया। इस संबंध में जेई से संपर्क करने पर संपर्क नहीं हो सका।

## अंतरराष्ट्रीय दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**सिवान।** जिले के विभिन्न जगहों पर अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा इसके तहत महत्व पर प्रकाश डाला गया। जानकारी के अनुसार महाराजगंज के सिहौता स्थित मध्य विद्यालय में आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही बच्चियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनीता कुमारी ने सम्मानित किया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं सिसवन प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रभातफेरी निकाली गई एवं पौधरोपण किया गया। प्रभातफेरी के माध्यम से नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया गया। प्रभातफेरी प्रखंड कार्यालय परिसर से आरंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए प्रखंड कार्यालय में आकर संपन्न हो गई। इस दौरान ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ तथा महिला अधिकारों से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ राजेश कुमार ने कहा कि महिलाओं का सशक्त होना समाज के विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति समाज को निरंतर जागरूक करने का अवसर है। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय के अधिकारी, कर्मी तथा स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने महिला सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर शिक्षक उपेंद्र भारती, धर्मेंद्र यादव सहित दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।